केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

प्रेस विज्ञप्ति                    दिनांक 05/06/2024

## कोर में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह का आयोजन

विश्व पर्यावरण दिवस (05 जून) एक ऐसा अवसर है जो पर्यावरण के प्रति जागरूकता और क्रियाशीलता के लिए समस्त जन मानस को एकजुट करता है। इस वर्ष, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने **"मिशन लाइफ"** को केन्द्र में रखते हुए विश्व पर्यावरण दिवस 2024 मनाने की परिकल्पना की है।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज द्वारा दिनांक 05 जून 2024 को महाप्रबन्धक श्री अशोक कुमार वर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रेल विद्युतीकरण के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण के संरक्षण हेतु शपथ दिलाई और बढ़ते हुए तापमान पर चिंता जताते हुए पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण हेतु निवेदन किया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक महोदय ने केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

उक्त कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री यतेन्द्र कुमार, प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री अनिल कुमार सिंह शैवाल, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर एवं प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री आर.एन. सिंह, मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री एस.एस.नेगी एवं श्री उपेन्द्र कुमार तथा कोर कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

(अखिलेश कुमार)
सचिव महाप्रबन्धक एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज